दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, गुरुवार 13 मई 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऑनलाइन स्वस्थ प्रतियोगित के 15 विजेता चुने गए स्वस्थ छत्तीसगढ़ अभियान के ब्रांड एम्बेसडर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोविड 19 संक्रमण के बढ़ते केसों के मद्देनजर प्रदेश के नागरिकों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (खेलकूद प्रकोष्ठ) द्वारा मेरी सरकार मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत स्वस्थ छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रदेश भर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इस प्रतियोगिता में योग, ध्यान, खेलकूद, व्यायाम के अभ्यास, साफ सफाई व कोरोना बचाव के संदेश इत्यादि के वीडियो आमंत्रित किए गए, परफॉर्मेंस और शोसल मीडिया में जनता की राय लेकर इनमें से 15 प्रतिभागियों का चयन स्वस्थ छत्तीसगढ़ अभियान के ब्रांड अम्बेसडर के रूप में किया गया, छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की जिनमें प्रथम अन्नपूर्णा टिकहरिहा बेमेतरा, द्वितीय दीपक वर्मा सिमगा, तृतीय दिव्या वर्मा कुम्हारी, क्रमशः अभिजीत सरकार मनेन्द्रगढ़, वर्षा साहू रायपुर, विजया साव रायपुर, पुरुषोत्तम निषाद बलौदाबाजार, वर्षा रानी, कोटमी, शेखर वर्मा, राजनांदगांव, बेदान्त बजाज रायपुर, रुचि साहू रायपुर, साक्षी गजभिये गुढ़ियारी, रमेश अग्रवाल, सरंगगढ़, रायगढ़, सरिता पारख रायपुर मुरली शर्मा रायपुर ने प्रतियोगिता के विजेता रहे। इन सभी विजेताओं के वीडियो सोशल मीडिया में जनजागरूकता के लिए उपयोग किए जाएंगे तथा 29 अगस्त खेल दिवस पर सभी को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

### बाईक की ठोकर से पैदल जा रही महिला की इलाज के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार बाईक की ठोकर से पैदल जा रही महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड व्याय दीनेश कुमार मौर्य 29 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि 11 मई को गुरुकुल काम्पलेक्स के सामने मेन रोड कचना में रात 8.30 बजे पैदल जा रही सकुंतला भारत सागरिया 60 वर्ष पति पशुराम को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एपी 9749 के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो जाने पर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### युवक को धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया, अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** घर के बाहर खड़े युवक को धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर गुढ़ियारी निवासी महेश पाथौड़े 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 11 मई को रात 10.15 बजे पीड़ित घर के बाहर खड़ा था तभी पीछे से कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसके पीठ पर धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया।

### हत्या और आगजनी में शामिल 6 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में नक्सलियों के विरूद्ध सुरक्षा बल के जवानों का अभियान जारी है। मुखबिर की सूचना पर एर्राबोर थाना और भेज्जी थाना क्षेत्रों से जवानों ने 06 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार 06 नक्सलियों में 04 नक्सली भेज्जी से गिरफ्तार किया गया है, चारो नक्सली दो सहायक आरक्षकों की हत्या में शामिल थे।

# एटीएम कस्टिडियन के रूप में कार्यरत दो युवकों ने किया 17 लाख की हेराफेरी

**» सालभर से रूपये निकाल रहे थे आरोपी, आडिट पर हुई जानकारी, दोनों गिरफ्तार**



**धरमजयगढ़।** दिनांक 10.05.2021 को राईटर विजनेश सर्विसेज प्रा0लि0 के सहायक प्रबंधक विपिन कुमार सिंह पिता स्व0 सुदर्शन सिंह निवासी मोदी नगर रायगढ थाना चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा थाना धरमजयगढ़ में इनके कम्पनी में कार्यरत एटीएम कस्टिडियन राम विलास चौहान तथा रोशन तिगगा द्वारा दो एटीएम में डाले गए रुपए में 17,71,000 रुपए कम पाए जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। आवेदन पत्र पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 409, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताए कि कंपनी के कर्मचारी 01. राम विलास चौहान पिता शंकरराम चौहान उम्र 27 साल निवासी धवीटोली सिंगिबहार थाना तपकरा जिला जशपुर (छ0ग0), 02. रोशन तिग्गा पिता फबियानुस तिग्गा उम्र 26 साल निवासी सारसबहार चटकपुर डंण्डा डीह थाना दुलदुला जिला जशपुर दोनों कर्मचारियों को एटीएम कस्टोडियन के रूप में नियुक्त किया गया है। दोनों कस्टोडियन को भारतीय स्टैट बैंक शाखा धरमजयगढ से प्रदान किये गये इंडेट के अनुसार नगदी निकालने तथा एटीएम में लोड करने कि जिम्मेदारी सौपी गई थी जो दिनांक 04/05/2021 को आडिट करने एवं जांच पश्चात नगदी रकम 17,71000/रूपये (सत्रह लाख इक्हत्तर हजार रूपये) का कमी पाया गया। दोनों एटीएम अंतिम बार दिनांक 27/04/221 को विजिट किए गए थे। अपराध विवेचना दरम्यान धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपी रामविलास चौहान बताया कि 2015 से दोनों एटीएम ऑपरेटर का काम कर रहे हैं। दोनों चार एटीएम -धरमजयगढ़ एसबीआई एटीएम, धरमजयगढ़ एक्सिस बैंक एटीएम, पत्थलगांव एचडीएफसी एटीएम और बागबाहर एसबीआई एटीएम में पैसा डालने के लिए राइटर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर से अधिकृत हैं। रायगढ़ कार्यालय से जितने भी एटीएम में पैसा डालने का काम करते हैं उनका एक डब्ल्यूबीएस रायगढ़ में ग्रुप बना है। किस एटीएम में पैसा डालना है मेल के जरिये जानकारी मिलती थी। मेल से प्राप्त वाउचर के जरिए धर्मजयगढ़ के एसबीआई बैंक से रूपये निकालते और एटीएम में डाला करते थे। चारों एटीएम का चाबी इनके पास रहता था एटीएम खोलने के लिए इनके ऐप में रिक्वेस्ट भेज कर पासवर्ड प्राप्त करते थे और मशीन खोलकर पहले एटीएम से स्लिप निकाल कर बैलेंस चेक कर कम्पनी से मिले एडमिन कार्ड से बैलेंस चेक और लॉगिन करते थे। पिछले 7 महीने से धर्मजयगढ़ और बागबाहर एसबीआई एटीएम से लॉगिन करके पैसा निकालते थे। दोनों लगभग 17 लाख 71 हजार रुपए निकाले हैं, कब कितना पैसा निकालें याद नहीं है, बताये। आरोपी रामविलास चौहान एटीएम से निकाले पैसे जुए में हार जाना तथा इसका साथी रोशन तिग्गा बंटवारे में मिले रकम में से मोटरसाइकिल खरीदना तथा परिवारजनों का इलाज कराना और घूमने खाने-पीने में खर्च करना बताया है दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। कल दोनों को रिमांड पर भेजा जावेगा।

### नगर निगम ऑडिटोरियम एवं चांदमारी स्क्रीनिंग सेंटर में आज से होगी 24 घंटे रैपिड एन्टीजन टेस्टिंग

**रायगढ़ ।** अब रायगढ़ में 24 घंटे कोविड जांच की सुविधा मिलने जा रही है। रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम और चांदमारी स्क्रीनिंग सेंटर में यह सुविधा आज 13 मई से शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में 24 घंटे कोविड जांच की सुविधा पहले से उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने जिलेवासियों से कहा है कि आंख का लाल होना, उल्टी होना, जी मिचलाना, सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द होना, लूज मोशन, हाथ-पैर में दर्द होना, स्वाद न लगना, भूख न लगना, कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, सर्दी-खांसी, बुखार होना इस प्रकार के लक्षण आने पर तुरंत इन सेंटरों पर जाकर अपनी जांच करवायें।

■ **24×7 संचालित है कंट्रोल रूम** – कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ ने कोविड मरीज और उनके परिजनों के उचित देखभाल हेतु आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता व परामर्श के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम 24×7 संचालित किया जा रहा है। कंट्रोल रूम में 03 पालियों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिनके नंबर्स स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। जिसमें सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 7647921193, 7647921146, दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक 7647921172, 7647921147, रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक 7647921175, 7647921184 एवं 24×7 व्हाट्सअप्प पर परामर्श हेतु 7647921154, 7647921157 नंबर है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में लैंडलाइन नंबर 07762-232668, 07762-228000 संचालित है जिसमें संपर्क कर सकते है।

## सरिया पुलिस ने वैक्सीन सेंटर पैदल आये बुज़ुर्ग दम्पत्ति को वाहन में घर तक छोड़ा, दिए राशन

**सरिया।** वैक्सीनेशन सेंटर हो चाहे नगर में लॉकडाउन का पालन कराना सरिया थाना प्रभारी के साथ उनके स्टाफ पुरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते आ रहे है। आज सुबह थाना प्रभारी डी.के. मार्कण्डेय हमराह स्टाफ के साथ नगर भ्रमण कर वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था का जायजा लेने सीएचसी हॉस्पिटल सरिया पहुंचे। जहां वैक्सीन लगाने के बाद सड़क पर पैदल घर जाने के लिये खड़े बुजुर्ग दम्पत्ति को देखे। बुजुर्ग दम्पत्ति वैक्सीशन लगाने भारी धूप में पैदल घर से सीएचसी तक आये, इनका यह कदम अन्य लोगों को वैक्सीन की महत्ता के लिये प्रेरित करेगा जिसे देखते हुये।

थाना प्रभारी दम्पत्ति की प्रशंसा कर स्टाफ को उन्हें वाहन में घर तक छोड़ आने एवं सूखा राशन प्रदाय करने निर्देशित किये आरक्षक मुकेश साहू दम्पत्ति को उनके गांव कंचनपुर तक शासकीय वाहन के जरिये



पहुंचाया और सूखा राशन पैकेट दिया, जिसके लिये दम्पत्ति आरक्षक को साधूवाद दिये।

# कलेक्टर भीम सिंह ने जेएसपीएल कैंपस में 80 बिस्तरीय कोविड केयर सेंटर का किया शुभारम्भ

**» 40 बेड में है ऑक्सीजन की सुविधा**

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिंदल प्रबंधन की ओर से प्रारम्भ किये जा रहे 80 बिस्तरीय कोविड केयर सेंटर का शुभारम्भ किया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी इस दौरान साथ रहे। शुरू किए जा रहे सेंटर में 40 ऑक्सीजन और 40 नार्मल बेड की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि कोरोना की वर्तमान वेव में ऑक्सीजन डिमांड वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके मद्देनजर तेजी से ऑक्सीजन बेड



की संख्या बढ़ायी जा रही हैं। ऐसे समय में जिंदल प्रबंधन द्वारा यह 80 बेड शुरू किया जा रहा है। जिसमें 40 ऑक्सीजन बेड हैं। उनका यह सहयोग अत्यंत सराहनीय है। जिंदल को ओर से हेल्थ केयर सुविधाओं के लिए लगातार सहयोग किया जा रहा है। इनके द्वारा रायगढ़ के साथ पूरे प्रदेश में लगातार ऑक्सीजन सप्लाई किया जा रहा है। जिंदल द्वारा रायगढ़ के ऑक्सीजन प्लांट्स में भी लिक्विड ऑक्सीजन दिया जा रहा है। जिससे जिले में मेडिकल ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मुख्य संचालन अधिकारी डी.के.सरावगी, मानव संसाधन अधिकारी पंकज लोचन, उपाध्यक्ष रोलिंग मिल विकास गोयल, अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.भाटी सहित जिंदल प्रबंधन के अन्य अधिकारी, डॉक्टर्स व मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# 50 बाईपेप मशीनें रायगढ़ पहुंची, विकासखंडों में बनाये कोविड केयर सेंटर्स में भी दिए जाएंगे

**» वेंटीलेटर के समान गंभीर मरीजों में ऑक्सीजन आपूर्ति का करती है काम**

**रायगढ़।** कोरोना मरीजों के उपचार के लिए अस्पतालों में संसाधनों की व्यवस्था का कार्य लगातार किया जा रहा है। ऑक्सीजन बेड बढ़ाने के साथ ही जरूरी मशीनरी की व्यवस्था लगातार की जा रही है। इसी क्रम में 50 बाईपेप मशीनें हैदराबाद से पहुंची हैं। इसके लिये कलेक्टर भीम सिंह लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि इन मशीनों को रायगढ़ में मेडिकल कालेज एमसीएच एवं केआईटी के साथ खरसिया, सारंगढ़, धरमजयगढ़, लैलूंगा विकासखंड में तैयार किये गए कोविड



केयर सेंटर में दिया जाएगा। जिससे कोविड के गंभीर मरीजों के इलाज में आसानी हो। यह एक ऐसी मशीन है जिसका उपयोग वेंटिलेटर के समान ही उन मरीजों के लिए किया जाता है जिनके फेफड़े पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही खींच पा रहे हैं। इन मशीनों के आने से कोरोना के गंभीर मरीजों के उपचार से जुड़ी सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी।

■ **कैसे करती है यह मशीन काम**– बाईपैप का काम वेंटिलेटर की तरह ही होता है। दरअसल, जो मरीज खुद से ऑक्सीजन अपने अंदर नहीं ले पाते, इतने कमजोर हो जाते हैं कि सांस नहीं खींच पाते या संक्रमण इतना गहरा होता है कि फेफड़ा सही ढंग से काम नहीं करता तो इसमें बाईपैप मशीन मदद करती है। यह मशीन ज्यादा प्रेशर के साथ ऑक्सीजन को फेफड़े के अंदर धकेलती है जिससे मरीज सांस न भी ले पाए तो उसे बराबर ऑक्सीजन मिलती रहती है। यह मशीन सांस नली को फैला कर रखती है जिससे फेफड़े पर कम दबाव पड़ता है और मरीज राहत महसूस करता है। मशीन मरीज के सांस लेने के रिदम को मैनेज करती है। जिससे मरीज को जरूरी मात्रा में ऑक्सीजन मिलता रहता। गंभीर कोरोना मरीजों के इलाज में बाईपेप मशीन बहुत उपयोगी सिद्ध हुई है।

■ **मशीन में होती है दो तरह की सेटिंग**– इस मशीन को बाईलेवल इसलिए कहते हैं क्योंकि यह दो एयर प्रेशर सेटिंग पर काम करती है। जब मरीज सांस लेता है तो बाईपैप मशीन हवा का ज्यादा दबाव बनाती है। इसे मेडिकल के टर्म में इंसपिरेटरी पॉजिटिव एयरवे प्रेशर या IPAP कहते हैं। इस प्रक्रिया के तहत फेफड़े में ऑक्सीजन तेजी से और आसानी से प्रवेश करती है। दूसरी सेटिंग में जब मरीज सांस छोड़ता है तो यह मशीन एयर प्रेशर को कम कर देती है। इसे मेडिकल के टर्म में एक्सपिरेटरी पॉजिटिव एयरवे प्रेशर या EPAP कहते हैं।

## कोविड गाइडलाइन का पालन कराने सीएसपी, एसडीओपी कर रहे प्लांटों का निरीक्षण



**» प्रबंधन की मीटिंग लेकर प्रोटोकॉल का पालन करने के दिए निर्देश**

**» गांव में बाहर से आये मजदूरों की सरपंच, सचिवों से ली गई जानकारी**

**रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्थापित औद्योगिक संस्थानों, खदानों एवं अन्य राज्यों से आये श्रमिकों, कर्मचारियों को क्वॉरेंटाइन आदि के संबंध में जारी आदेश का पालन करने के उद्देश से सीएसपी एवं एसडीओपी द्वारा उनके क्षेत्रों में स्थापित प्लांटों का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 12/05/2021 को सीएसपी रायगढ़ अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा थाना पूंजीपथरा अंतर्गत आर.एस. इस्पात, बंजारी, राधे गोविंद, मां शिवा प्लांट में जाकर प्रबंधन से चर्चा किया गया। सीएसपी रायगढ़ द्वारा प्रबंधन से दिगर प्रांत से लाये गये मजदूरों की जानकारी लिए तथा वर्तमान में दिगर प्रांत से आए मजदूरों एवं वाहन चालकों को क्वॉरेंटाइन करने हेतु उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर प्रबंधन को जिला प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत दिया गया है।

इसी क्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया पीतांबर पटेल एवं एसडीएम खरसिया गिरीश रामटेके द्वारा थाना भूपदेवपुर अंतर्गत जेएसडब्ल्यू मोनेट नाहरपाली व एसके बिंजकोट प्लांट में प्रबंधन की मीटिंग लेकर कोविड-19 के नियमों का सख्ती से पालन करने प्रबंधन को निर्देशित किया गया है।

वही एसडीओपी सारंगढ़ जितेन्द्र खुंटे प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों का साधन जांच कर रहे हैं। आज वे थाना डोंगरीपाली क्षेत्र अंतर्गत अंतर राज्यीय चेकपोस्ट बिरनीपाली का निरीक्षण कर दिगर प्रांत से आ रहे लोगों के क्वॉरेंटाइन, टेस्टिंग के संबंध में जानकारी लिए तथा गांव के सरपंच, सचिव, मितानिन व अन्य प्रमुख लोगों को कोविड-19 का सख्ती से पालन करने के संबंध में हिदायत दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर सभी गांवों में प्रमुख लोगों के व्हाटसअप ग्रुप बनाये जा रहे हैं तथा नियमों का पालन नहीं करने वालों की जानकारी ग्रुप के जरिये पुलिस अधिकारियों को दी जा रही है।

## मुस्लिम समाज प्रमुखों की प्रशासन व पुलिस के माध्यम से आम जमाती से अपील- नमाज के लिये घर से बाहर न निकलें

**» ईद को लेकर पुलिस कन्ट्रोल रूम में सीएसपी व एसडीएम ने ली गई शांति समीति की बैठक**

**» वक्फ बोर्ड की गाइडलाइन अनुसार घरों पर रहकर नमाज अदा करने सहित कई विषयों पर हुई चर्चा**

**रायगढ़।** कोरोना संक्रमण एक जानलेवा बिमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति पर फैल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की हिफाजत के लिये कर्फ्यू का फैसला लिया गया है, कर्फ्यू के कारण आम लोगों की आवाजाही सम्भव नहीं है तथा संक्रमण की चैन तोड़ने प्रभावी लॉकडाउन को होना अतिआवश्यक है जिसे देखते हुये राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से दिनांक



11.05.2021 को ईदुल फित्र में लॉकडाउन का कडाई से पालन करने के संबंध में राज्य के सभी ईदगाह कमेटी, मस्जिद, दरगाह, कब्रस्तान संरक्षकों को पत्र लिखकर निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में आज नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, अनुविभागीय दंडाधिकारी रायगढ़ यू.के. उर्वशा की उपस्थिति में मुस्लिम समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिकों तथा थाना प्रभारी कोतवाली, चक्रधरनगर एवं शहर के मीडिया साथियों के साथ पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़ में शांति समीति की बैठक ली गई।

बैठक में सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा समाज प्रमुखों को ईदगाह/ मस्जिद/ दरगाह/ कब्रस्तान में केवल पांच ही व्यक्ति जिन्हें कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है या जिनकी कोरोना एंटीजेन रिपोर्ट निगेटिव हो वे ही नमाज के लिये उपस्थित होंगे तथा इसकी जानकारी संबंधित थानों में देंगे। किसी भी स्थिति में लॉकडाउन का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित ईदगाह प्रमुख जिम्मेदार होंगे। आम जमाती को अपने-अपने घरों में नमाज अदा करने कहा गया है। पर्व में दरगाह/कब्रस्तान आदि जगहों में भींड़ न किया जावे। प्रशासन व पुलिस की टीमें स्थिति पर निगाह रखे हुये है।

बैठक में समाज प्रमुखों द्वारा गाइडलाइन का पालन करना बताते हुए प्रशासन और पुलिस के माध्यम से लोगों तक जानकारी दिये जाने की अपील की गई है कि वे घरों से बाहर नमाज के लिये न निकले। इस अपील पर सीएसपी रायगढ़ द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों तक इस अहम सूचना का प्रसार करने निर्देशित किया गया है। साथ ही वे आज शहर के सभी पाइंट पर स्टाफ को ईद की गाइडलाइन तथा मीटिंग के प्रमुख बिन्दुओं की जानकारी दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480